NEW ZEALAND IMMIGRATION

# A guide to applying for a New Zealand visitor visa online (न्यूज़ीलैंड आगंतुक वीसा का ऑनलाइन आवेदन करने के लिए एक गाइड)

## विषय-सूची


RealMe खाता बनाएँ / लॉग-इन करें ........ 4
दूसरे आवेदक को कैसे जोड़ा जाए ........ 7
फ़ोटो अपलोड करना ........ 11
वित्तीय सहायता का प्रमाण ........ 14
चरित्र और स्वास्थ्य अनुभाग ........ 17
किसकी ओर से फ़ॉर्म भरा जा रहा है ........ 20
PDF अपलोड करना ........ 22
भुगतान ........ 28


## इस गाइड के बारे में

इस दस्तावेज का उद्देश्य आगंतुक वीसा आवेदकों को सहायता प्रदान करना है। इसमें निर्णय के लिए तैयार आवेदनपत्र जमा करने के लिए स्क्रीनशॉट और निर्देश शामिल हैं। इस दस्तावेज़ में अंग्रेजी भाषा की वेबसाइटों के कुछ लिंक भी हैं जो आपके लिए उपयोगी हो सकते हैं।

हमने मार्गदर्शन के लिए पूरे दस्तावेज़ में केवल उदाहरण दिखाए हैं, कृपया अपना स्वयं का विवरण प्रदान करें। प्रश्नों के उत्तर सच्चाई और सटीकता से दें क्योंकि ऐसा न करने से आपके वीसा के परिणाम पर प्रभाव पड़ सकता है।

## न्यूज़ीलैंड आगंतुक वीसा के बारे में

यदि आप एक पर्यटक के रूप में न्यूज़ीलैंड की यात्रा करना चाहते हैं, परिवार और दोस्तों से मिलना चाहते हैं या एक छोटी अवधि वाले कोर्स का अध्ययन करना चाहते हैं, तो आगंतुक वीसा का उपयोग करें। इसके लिए आवेदन केवल ऑनलाइन ही किया जा सकता है।

आपको अपने प्रवास के दौरान स्वयं को और आपके आवेदन में शामिल सभी लोगों के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त धन की आवश्यकता होगी या आपका कोई स्पोन्सर (प्रायोजक) होना चाहिए जो आपका भरण-पोषण कर सकता है। आगंतुक वीसा पर आप काम नहीं कर सकते।

कृपया ध्यान दें कि ऑस्ट्रेलिया और कुछ देशों के पासपोर्ट धारकों को न्यूज़ीलैंड की यात्रा करने से पहले वीसा के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उनके पास NZeTA (न्यूज़ीलैंड इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अथॉरिटी) होने की जरूरत हो सकती है।

उन देशों की पूरी सूची जिन्हें वीसा के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, यहाँ उपलब्ध है लेकिन उनके पास NZeTA होना चाहिए: www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/preparing-a-visa-application/your-journey-to-new-zealand/before-you-travel-to-new-zealand/visa-waiver-countries

## कृपया तैयार रखें

ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरा करने के लिए आपको निम्न की आवश्यकता होगी:

- एक RealMe खाता। इस खाते को बनाने के लिए: www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/general-information/how-to-create-a-realme-account
- एक वैध क्रेडिट या डेबिट कार्ड - हम Visa, Mastercard, Union Pay, AMEX, JCB या POLi (वीसा, मास्टरकार्ड, यूनियन पे, एमेक्स, जेसीबी या पीओएलआई) स्वीकार करते हैं। आपको कितने शुल्क का भुगतान करना होगा यह जानने के लिए: www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/tools/office-and-fees-finder
- एक कंप्यूटर और विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्शन
- जेपीजी (या jpeg) प्रारूप में एक स्वीकार्य वीसा फोटो: www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/acceptable-photos
- पोर्टेबल दस्तावेज़ प्रारूप (पीडीएफ) में अपने महत्वपूर्ण दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां
- जो दस्तावेज़ पहले से अंग्रेजी में नहीं हैं उनका प्रमाणित अंग्रेजी भाषा अनुवाद। इनमें मेडिकल (चिकित्सा) और पुलिस सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र) तथा सभी सहायक दस्तावेज शामिल हैं। एक स्वीकार्य प्रमाणित अंग्रेजी अनुवाद पर नीचे 'अपलोड पीडीएफ' अनुभाग में चर्चा की गई है, और आप www.immigration.govt.nz/english-translation पर इस बारे में अधिक पढ़ सकते हैं।

- यदि न्यूज़ीलैंड का कोई व्यक्ति या संगठन आपके आवास को स्पोन्सर (प्रायोजित) कर रहा है, तो उन्हें अपना स्वयं का RealMe खाता बनाना होगा (यदि उनके पास नहीं है) और उनका ईमेल पता और शेयरिंग (साझाकरण) आईडी तैयार है। नीचे 'Proof of financial support' अनुभाग में इस पर विस्तार से चर्चा की गई है।


**ऑनलाइन फॉर्म यहाँ उपलब्ध हैं**:
https://www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/about-visa/visitor-visa

आपकी ओर से परिवार का कोई भी सदस्य ऑनलाइन विज़िटर (आगंतुक) वीसा का आवेदन जमा कर सकता है। उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र पर इसकी घोषणा करनी होगी। कृपया ध्यान दें कि आवेदक और प्रायोजक के पास अलग-अलग RealMe खाते होने चाहिए।


## चरण-दर-चरण ऑनलाइन प्रक्रिया

## RealMe खाता बनाएँ / लॉग-इन करें


**चरण 1. आपको अपने RealMe खाते का उपयोग करके लॉग-इन करना होगा। यदि आपके पास एक अकाउंट नहीं है, तो आपको इमीग्रेशन वेबसाइट पर एक अकाउंट बनाने की आवश्यकता है।**





RealMe खाता न्यूज़ीलैंड सरकार द्वारा उपयोग की जाने वाली एक सुरक्षित ऑनलाइन पहचान सेवा है।




**चरण 2. एक बार जब आपका लॉग-इन हो जाता है, तो 'My visas' पर क्लिक करके एक नया आवेदन बनाएं, फिर अगले पृष्ठ पर 'apply for a visa' पर क्लिक करें।**




**चरण 3. अगले पृष्ठ पर, 'Your situation' तक नीचे स्क्रॉल करें और ड्रॉप-डाउन मेनू से 'Temporary entry class visa' चुनें।**




**चरण 4. आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप न्यूज़ीलैंड से बाहर हैं और आप किस प्रकार के वीसा के लिए आवेदन करना चाहते हैं। यदि आप किसी दूसरे की ओर से ऑनशोर (तट पर) आवेदन कर रहे हैं, तो कृपया आवेदक के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए प्रश्नों का उत्तर दें। ड्रॉप-डाउन मेनू पर, 'Visitor' चुनें।**





**चरण 5. ड्रॉप-डाउन मेनू से, कृपया अपनी यात्रा का उद्देश्य चुनें, फिर 'start my application' पर क्लिक करें।**


ध्यान दें कि नीचे दिखाए गए उत्तर केवल एक उदाहरण हैं, कृपया अपनी स्थिति के अनुकूल उत्तर दें।



# दूसरे आवेदक को कैसे जोड़ा जाए

**चरण 6. आप अपने आवेदन में अपने [जीवन] साथी और 19 वर्ष की आयु तक के किसी भी आश्रित बच्चे को शामिल कर सकते हैं। यदि ऐसा है, तो 'add another applicant' पर क्लिक करें और ड्रॉप-डाउन मेनू से आवेदक के प्रकार का चयन करें। आपको उनका ब्यौरा प्रदान करने की जरूरत होगी। 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के किसी भी आश्रित बच्चे को अपने वीसा के लिए अलग से आवेदन करना होगा।**




यहाँ बताया गया है कि हम साथियों को कैसे परिभाषित करते हैं: [www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/support-family/partnership](www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/support-family/partnership)

यहाँ बताया गया है कि हम आश्रित बच्चों को कैसे परिभाषित करते हैं: [www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/support-family/dependent-children](www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/support-family/dependent-children)


**चरण 7. प्रत्येक आवेदक का विवरण दर्ज करने के लिए ' 'continue' पर क्लिक करें।**



| Surname or family name ↓ | Given or first name | Applicant type | Action |
|---|---|---|---|
| Principal applicant | | Primary | CONTINUE |

**चरण 8. कृपया अपनी पहचान की जानकारी प्रदान करें। यदि आपका एक मोनोनिम अथवा उपनाम (एक शब्द वाला आधिकारिक नाम) है, तो 'yes' पर निशान लगाएं। यदि आपका पहला नाम और उपनाम है, तो 'no' पर निशान लगाएं।**

**अपने नाम (नामों) को ठीक वैसा ही भरें जैसा कि आपके पासपोर्ट में दिखाया गया है।**



Identity information

Do you have a mononym?
This is when your official name is one name. Answer No if you have a first name and surname displayed in your passport.
○ Yes ◉ No

Given or first name
As stated in your passport.
FirstName

Middle names
As stated in your passport. Leave blank if no middle name is displayed in your passport.
MiddleName

Surname or family name
As stated in your passport.
FamilyName

यदि आपने अन्य नामों का उपयोग किया है, तो आपको उन्हें दर्ज करने के लिए कहा जाएगा। इनमें आपका जन्म का नाम, शादी या गोद लिए जाने के बाद आपका नाम, आपका अंग्रेजी नाम या अन्य नाम शामिल हो सकते हैं, जिन नामों से आप जाने जाते हैं। यदि नहीं, तो इस प्रश्न के लिए 'No' पर निशान लगाएँ।



Have you ever used any other names?
This includes your birth name, your name from marriage or from adoption, your English name, or other names your are known by.
○ Yes ◉ No

**चरण 9. इस आवेदन को जमा करते समय आप जिस देश में होंगे उसे यहाँ जोड़ें। इमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड के साथ आपके पिछले बर्ताव के बारे में और यदि आपके पास ऑस्ट्रेलिया का स्थायी निवासी वीसा है तो प्रश्नों की एक श्रृंखला के लिए 'yes' या 'no' पर निशान लगाएं**

**New Zealand immigration history**

What country or territory will you be in when this application is submitted?

Samoa


Have you previously applied for a New Zealand visa?
This includes anyone applying for you on your behalf.
○ Yes ◉ No

Have you previously requested an NZeTA (New Zealand Electronic Travel Authority)?
This includes anyone requesting one for you on your behalf.
○ Yes ◉ No

Do you hold an Australian Permanent Resident Visa?
○ Yes ◉ No

Have you ever travelled to New Zealand?
○ Yes ◉ No

**चरण 10. अपना पासपोर्ट विवरण दर्ज करें। कृपया सुनिश्चित करें कि यह सही है।**



Passport number

Generally found in the top right-hand corner of the identity page of your passport.

ABC12345

Country or territory of issue

Find the field named 'Code', 'Issuing Country' or 'Country Code' in your passport.

Samoa

Nationality as shown in passport

Samoa

Passport issue date

02 | 10 | 2019

Passport expiry date

01 | 10 | 2024


Gender as shown in passport

Male

Date of birth as shown in passport

02 | 02 | 1978

**चरण 11. अपने जन्म के देश, राज्य / प्रांत / क्षेत्र और नगर / शहर टाइप करें।**



Country or territory of birth

Samoa


State or province or region of birth

Upolu


Town or city of birth

Apia

**चरण 12. यदि आपके पास अपने देश में एक राष्ट्रीय पहचान संख्या है, तो कृपया विवरण दर्ज करें।**




**चरण 13. यदि आप किसी अन्य देश के नागरिक हैं, तो कृपया विवरण प्रदान करें। यदि आपके पास रिकॉर्ड करने के लिए और देश हैं तो आप 'add another country of citizenship' पर क्लिक कर सकते हैं।**




## फोटो अपलोड करना

**चरण 14. 'Choose file' पर क्लिक करके अपनी फ़ोटो अपलोड करें। यदि अपलोड सफल होता है, तो यह यहाँ 'confirmed' दिखाएगा।**

आपकी वीसा फ़ोटो 6 महीने से कम पुरानी होनी चाहिए और उसे हमारी फ़ोटो आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/acceptable-photos

कृपया इसके लिए अपने पासपोर्ट के फोटो पेज का उपयोग न करें।

## Upload photo

Your visa photo must be less than 6 months old and must meet our photo requirements. Do not use the photo page of your passport.

When you upload your photo, it must be:

- a .jpeg or .jpg file
- between 500 KB and 3 MB
- between 900 x 1200 pixels and 2250 x 3000 pixels.

**Upload your photo**

Choose File No file chosen

## चरण 15. इस आवेदन को जमा करते समय आप कहाँ रह रहे हैं, इसका विवरण दर्ज करें। अपना भौतिक पता, ईमेल पता और पसंदीदा संपर्क नंबर या एक विकल्प के रूप में वैकल्पिक नंबर टाइप करें। इससे हमें आपसे संपर्क करने में मदद मिलेगी।

Current country or territory

Samoa

Your current physical address

Beach RD, Apia, WSM

Is your postal address the same as your physical address?
Select No if you want to receive mail at a different address from your current physical address.
◉ Yes ○ No

Email address

We will use your online account as your primary contact address. Your nominated email address will be used to notify you when we have sent notices, documents and other communications to your online account. Please provide us with an email address you check regularly and where emails will be received without issue.

Firstname.LastName@YourEmail.com

ALERT
Please check that you have entered your email address accurately.

Applicant's preferred contact number
Enter country code, area code and phone number with no spaces e.g. +641239876544 (maximum of 16 characters)

+68512345

पृष्ठ के निचले भाग में, ‘Save and continue’ पर क्लिक करें।

## चरण 16. यदि आप हमारे किसी सहयोगी संगठन द्वारा प्रबंधित कार्यक्रम के प्रीमियम लॉयल्टी सदस्य हैं तो ‘yes’ या 'no' पर निशान लगाएं।


Do you have membership with one of Immigration New Zealand's tourism partners?
Please ensure you check that you are a premium loyalty programme member.
○ Yes ◉ No

इस बारे में अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है: www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/general-information/special-visa-processing-arrangements


# वित्तीय सहायता का प्रमाण

## चरण 17. निम्नलिखित प्रश्न आपकी न्यूज़ीलैंड की अभीष्ट यात्रा के दौरान आपकी वित्तीय सहायता के बारे में पूछे गए हैं।


यदि आप आगे की यात्रा समेत, अपने प्रवास के दौरान आर्थिक रूप से स्वयं का भरण-पोषण करने में सक्षम हैं तो 'yes' पर निशान लगाएं। यदि 'no', तो आपको अपने भरण-पोषण के लिए एक स्पोन्सर की आवश्यकता होगी। मानदंड और प्रक्रिया जानकारी यहाँ उपलब्ध है:
www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/apply-for-a-visa/tools-and-information/sponsorship/criteria-and-process-for-sponsors




अगर न्यूज़ीलैंड का कोई व्यक्ति या संगठन आपके प्रवास को स्पोन्सर (प्रायोजित) कर रहा है, तो आपके स्पोन्सर को अपना स्वयं का RealMe खाता बनाना होगा और आपको '**My dashboard'** पर मिली अपनी **शेयरिंग (साझाकरण) आईडी** प्रदान करनी होगी।





स्पोन्सर के नाम और ईमेल पते सहित इस **शेयरिंग (साझाकरण)** आईडी को दर्ज करने के लिए आपसे **बाद में** 'Supporting documents' अनुभाग में पूछा जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि ये विवरण सही हैं क्योंकि हम आपके प्रायोजक को ईमेल करेंगे और उन्हें एक प्रायोजन फॉर्म ऑनलाइन भरने के लिए कहेंगे।





यदि आपके पास प्रीपेड (पहले से भुगतान किया) आवास है या आप परिवार/मित्रों के साथ रह रहे हैं तो 'yes' पर निशान लगाएं और यदि आप जानते हैं तो कृपया पूरा पता दर्ज करें। आपके पास ठहरने के प्रत्येक महीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से कम से कम NZD $400 उपलब्ध होने चाहिए।

यदि आपके पास प्रीपेड आवास नहीं है, तो आपके या आपके स्पोन्सर के पास आवास के प्रत्येक महीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से कम से कम NZD $1000 उपलब्ध होने चाहिए।





ड्रॉप-डाउन मेनू से, चुनें कि आप अपनी आगे की यात्रा के कौन से साक्ष्य प्रदान कर पाएंगे। यदि आप 'other' चुनते हैं, तो कृपया अधिक जानकारी प्रदान करें।


What evidence of onward travel will you provide?

Other

I have evidence of a pre-paid booking
I have sufficient funds to purchase travel
Other

**चरण 18.** **यदि आपको एक से अधिक यात्रा वीसा की आवश्यकता है तो 'yes' या 'no' पर टिक करें। न्यूज़ीलैंड में अपने आगमन की अनुमानित तिथि और जब आप प्रस्थान करेंगे वह दर्ज करें।**



Your stay in New Zealand

Do you require a multiple journey visa?
Select Yes if you intend on travelling in and out of New Zealand with this visa.
Yes No

Estimated date of arrival in New Zealand
dd mm yyyy

Estimated date of departure from New Zealand
dd mm yyyy

**चरण 19.** **यदि इस आवेदन में शामिल कोई भी व्यक्ति 16 वर्ष से कम उम्र का है और 12 महीने से अधिक समय तक रहने की योजना बना रहा है, तो उसके पास माता या पिता में से केवल एक के साथ यात्रा करने की अनुमति होनी चाहिए। एकमात्र कस्टडी (अभिरक्षा) या दूसरे माता या पिता की अनुमति का साक्ष्य प्रदान किया जाना चाहिए। इस आवेदन पर कौन सा विकल्प लागू होता है, उसे चुनें।**


This application includes:

No one under 16
At least one applicant is under 16 and staying in NZ for 12 months or less
At least one applicant is under 16, staying in NZ for more than 12 months and travelling with both parents
At least one applicant is under 16, staying in NZ for more than 12 months and travelling with their sole custody parent
At least one applicant is under 16, staying in NZ for more than 12 months and travelling with just one of their parents

पृष्ठ के निचले भाग में, 'Save and continue' पर क्लिक करें।

# चरित्र और स्वास्थ्य अनुभाग

**चरण 20. इस खंड में यह निर्धारित करने के लिए चार प्रश्न हैं कि क्या आप इस वीसा के लिए चरित्र आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। यदि आप इनमें से किसी भी प्रश्न के लिए 'yes' पर निशान लगाते हैं, तो आपको अधिक जानकारी देनी होगी। कृपया ईमानदारी से इन सवालों के जवाब दें क्योंकि नॉन-डिस्क्लोज़र (गैर-प्रकटीकरण) आपके वीसा की स्थिति को प्रभावित कर सकता है।**

**Character details**

**Have you ever been convicted at any time of any offence, including any driving offence?**
You must include all overseas convictions. You do not need to include New Zealand convictions covered by the New Zealand Criminal Records (Clean Slate) Act 2004.
○ Yes ○ No


**Are you currently under investigation, wanted for questioning, or facing charges for any offence in any country including New Zealand?**
○ Yes ○ No

**Have you ever been expelled, deported, excluded, removed from or refused entry to any country?**
○ Yes ○ No

**Have you ever been refused a visa or permit by any country excluding New Zealand?**
○ Yes ○ No

पृष्ठ के निचले भाग में, 'Save and continue' पर क्लिक करें।

**चरण 21. ऑनलाइन फॉर्म के स्वास्थ्य अनुभाग में आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी यह निर्धारित करेगी कि आपका स्वास्थ्य इस वीसा की आवश्यकताओं को पूरा करता है या नहीं। यदि आप इनमें से किसी भी प्रश्न के लिए 'yes' पर निशान लगाते हैं, तो आपको अधिक जानकारी देनी होगी। कृपया ईमानदारी से इन सवालों के जवाब दें क्योंकि नॉन-डिस्क्लोज़र (गैर-प्रकटीकरण) आपके वीसा की स्थिति को प्रभावित कर सकता है।**



**Tuberculosis**

Do you have tuberculosis?
○ Yes ○ No

**Medical care during your stay in New Zealand**

Do you have any medical condition that requires, or may require, one or more of the following during your stay in New Zealand?


Renal dialysis
Renal dialysis is a medical treatment required by people who have experienced kidney failure.
○ Yes ○ No

Hospital care
○ Yes ○ No

Residential care
Residential care is long-term care provided in live-in facilities for the aged or for people with physical, sensory, intellectual or psychiatric disabilities.
○ Yes ○ No

आपको बाद में चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है। एक बार जब आप यह फॉर्म जमा कर देंगे, तो हम पहले प्रदान किए गए किसी भी प्रमाण पत्र की जांच करेंगे और आपको सलाह देंगे कि क्या आपको कोई प्रमाण पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता है।

### चरण 22.  ड्रॉप-डाउन मेनू से, कृपया अपनी न्यूज़ीलैंड में ठहरने की अवधि चुनें।




**Length of stay**

How long do you plan to stay in New Zealand?

1 month or less
More than 1 month and up to 3 months
More than 3 months and up to 6 months
More than 6 months and up to 12 months
More than 12 months

पृष्ठ के निचले भाग में, 'Save and continue' पर क्लिक करें।

### चरण 23.  ड्रॉप-डाउन मेनू से चुनें कि क्या आप वर्तमान में काम कर रहे हैं, काम नहीं कर रहे हैं या सेवानिवृत्त हैं। इसमें आपके अपने देश में रोजगार या स्व-रोजगार शामिल है।




**Current employment**

Are you currently working?
This includes employment and self-employment in your home country.

Yes
No
Retired

यदि आप नौकरी कर रहे हैं, तो आपसे आपके वर्तमान रोजगार की जानकारी मांगी जाएगी। यदि आप सेवानिवृत्त हैं, तो आपको अपने पिछले भुगतान वाले काम का विवरण देने के लिए कहा जाएगा।



Current employment

Are you currently working?

This includes employment and self-employment in your home country.

Yes

Provide details of your current work

Start date

Enter month and year.

9 | 2009

Role or job title

If you can't find your role try entering your industry and locate an nec (not elsewhere classified) option.

221111 - Accountant (General)

Country or territory of work

Samoa


State or province or region

Apia

पृष्ठ के निचले भाग में, 'Save and continue' पर क्लिक करें।

## चरण 24. ड्रॉप-डाउन मेनू से, वह विकल्प चुनें जो आपकी वर्तमान पार्टनरशिप (साझेदारी) स्थिति का सबसे अच्छा वर्णन करता हो।

इमीग्रेशन न्यूज़ीलैंड की पार्टनरशिप की परिभाषा हमारी वेबसाइट पर है: https://www.immigration.govt.nz/about-us/site-information/glossary#partner




Relationship status

What is your partnership status?

You must choose the option that best describes your current partnership status. Definition of partner.

Single
Married / in civil union
Partner / de facto
Engaged
Separated
Divorced
Widowed

## चरण 25. यदि न्यूज़ीलैंड में आपके कोई संपर्क (जान-पहचान के लोग) हैं, तो कृपया उनका विवरण प्रदान करें। संपर्कों में करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हो सकते हैं। यदि आवश्यक हो तो अधिक संपर्क जोड़ने के लिए 'add another contact' पर क्लिक करें।



New Zealand contacts

Do you have any contacts in New Zealand?
◉ Yes ○ No

Provide the name, address and contact details of any friends, relatives or contacts you have in New Zealand
It is not necessary to list all acquaintances. Contacts could include close friends and family.

Contact's given or first name
ContactFirstName

Contact's middle names
ContactMiddleName

Contact's surname or family name
ContactLastName

Contact's relationship to you
Family

Contact's date of birth
2 | 2 | 1978

Enter their address
21 Compton Crescent, Taita, Lower Hutt, Wellington, 5011, NZL

Enter their contact number
Enter country code, area code and phone number separated by spaces e.g. +64 123 9876544
+642112345678


Enter their email address
MyContact@Email.com

+ ADD ANOTHER CONTACT

पृष्ठ के निचले भाग में, ‘Save and continue’ पर क्लिक करें।

## किसकी ओर से फॉर्म भरा जा रहा है

**चरण 26. यदि आप इस फॉर्म को किसी और की तरफ से भर रहे हैं, तो इस प्रश्न पर 'yes' पर निशान लगाएं और ड्रॉप-डाउन मेनू में चुनें कि आप यह किस भूमिका में कर रहे हैं। आपसे अपना नाम, पता और संपर्क विवरण प्रदान करने के लिए कहा जाएगा।**



## Person completing form

**Are you completing this form on behalf of someone else?**
You are only completing this form on behalf of someone else if you are not included in the application. Select No if you are applying for a visa for yourself and have included additional people in the same application.
◉ Yes ○ No

**In what capacity are you completing this form?**

Licensed immigration adviser
Person exempt from licensing
Parent or guardian of a dependent child who is under 18 years of age
Assisting by recording information on the form

Provide the name, address and contact details of the person completing the form.


Given or first name
Charlotte

Surname or family name
Wilson

Company or organisation name — if applicable
Aroha Advisors Ltd.

इमीग्रेशन सलाह देने वाले कुछ लोगों को लाइसेंस प्राप्त करने की जरूरत हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए, [www.immigration.govt.nz/assist-migrants-and-students/advise-migrants/regulations-and-licensing/licensing](http://www.immigration.govt.nz/assist-migrants-and-students/advise-migrants/regulations-and-licensing/licensing) वेबसाइट पर जाएँ।

यदि आप इस फॉर्म को अपने लिए और कुछ अतिरिक्त लोगों के लिए भर रहे हैं जिन्हें आपने इस आवेदन में शामिल किया है तो इस प्रश्न के लिए 'no' पर निशान लगाएं। यदि आपको सहायता या इमीग्रेशन सलाह प्राप्त हुई है, तो आपको सलाह की प्रकृति का वर्णन करना चाहिए और सहायता करने वाले व्यक्ति की जानकारी प्रदान करनी चाहिए।



## Person completing form

**Are you completing this form on behalf of someone else?**
You are only completing this form on behalf of someone else if you are not included in the application. Select No if you are applying for a visa for yourself and have included additional people in the same application.
○ Yes ◉ No

## Advice

Section 7 of the Immigration Advisers Licensing Act 2007 defines immigration advice as 'using, or purporting to use, knowledge of or experience in immigration to advise, direct, assist, or represent another person in regard to an immigration matter relating to New Zealand, whether directly or indirectly and whether or not for gain or reward'.
→ Adviser licensing information

**Have you received assistance or immigration advice relating to this application?**
○ Yes ◉ No

पृष्ठ के निचले भाग में, 'Save and continue' पर क्लिक करें।

# PDF **अपलोड करना**


## चरण 27. आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, आपको अपने वीसा आवेदन का समर्थन करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

प्रत्येक दस्तावेज़ का आकार PDF (पोर्टेबल दस्तावेज़ स्वरूप) में होना चाहिए और 10MB से अधिक नहीं होना चाहिए। यदि आपके पास एक ही आवश्यकता के साक्ष्य के रूप में अपलोड करने के लिए कई दस्तावेज हैं, तो अपलोड करने से पहले इन्हें एक साथ एक पीडीएफ फाइल में जोड़ लें।

दस्तावेज़ अपलोड करने में मदद के लिए, www.immigration.govt.nz/about-us/our-online-systems/applying-for-a-visa-online/immigration-online/how-to-use-immigration-online/uploading-documents-photographs वेबसाइट पर जाएँ।

### अंग्रेजी या अनुवाद

यदि आपके द्वारा अपलोड किए जाने वाले सभी दस्तावेज़ अंग्रेजी में हैं, तो आपको इस प्रश्न के लिए 'yes' पर निशान लगाना होगा।




यदि आपके दस्तावेज़ अंग्रेजी में नहीं हैं तो 'no' पर निशान लगाएं। यदि ऐसा है, तो आपको अपने आवेदन के साथ उन सभी दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद उपलब्ध कराना होगा जो पहले से अंग्रेजी में नहीं हैं। इनमें मेडिकल (चिकित्सा) और पुलिस सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र) तथा सभी सहायक दस्तावेज शामिल हैं।

उन दस्तावेजों की अपनी प्रतियों को प्रमाणित अंग्रेजी अनुवादों के साथ दिए गए अपलोड बॉक्स में अपलोड करें।


हम कौन से अंग्रेजी अनुवाद स्वीकार करते हैं, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए, आप www.immigration.govt.nz/english-translation पर अधिक पढ़ सकते हैं

अपने दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए, 'browse' पर क्लिक करें और फिर फ़ाइल को अपने कंप्यूटर में खोलें। यदि इसे सफलतापूर्वक अपलोड किया गया था तो फ़ाइल का नाम यहाँ दिखाई देगा ।

### पहचान के सबूत

इस अनुभाग में, आपको अपने संबंधित पृष्ठों को अपलोड करना होगा:

- पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज
- राष्ट्रीय पहचान पत्र - यदि उपलब्ध हो
- वीसा यदि आप किसी ऐसे देश में रह रहे हैं जो आपकी नागरिकता का देश नहीं है। यदि आपको वीसा के बिना रहने का अधिकार है, तो परिस्थितियों को समझाते हुए एक दस्तावेज अपलोड करें।



## Identity evidence

Upload the relevant pages of the passport or travel document you will be travelling on

Your passport or travel document

Include any pages with your photo, personal details, details of your family, name change endorsement or extensions to expiry date.

BROWSE

Your national identification card – if available

Providing your identification card can help us process your application. If you have more than one identification card, scan all into one document and upload.

BROWSE

Are you living in a country that is not your country of citizenship?

Yes No

What country are you living in?

Spain

Evidence of the visa that entitles you to live in that country


If you have the right to reside without a visa, upload a document explaining the circumstances.

BROWSE

## यात्रा के उद्देश्य का साक्ष्य

इस अनुभाग में, आपको निम्न अपलोड करना होगा:

- यात्रा कार्यक्रम या आपकी योजनाओं की जानकारी देने वाला दस्तावेज़
- यात्रा कार्यक्रम या एक दस्तावेज जिसमें आपकी कई यात्राओं की योजनाओं का विवरण हो (यदि लागू हो)
- कोई अन्य जानकारी या साक्ष्य जो आपकी यात्रा के कारण का समर्थन करता है



## Purpose of visit evidence

Evidence of your plans in New Zealand

This could be a travel itinerary or a document detailing your plans.

BROWSE

Evidence of multiple journeys to New Zealand


This could be a travel itinerary or a document that details your intended multiple journeys in and out of New Zealand .

BROWSE

## असली इरादे का सबूत

इस अनुभाग में, आपको निम्न अपलोड करना होगा:

- आपके नियोक्ता का पत्र जिसमें यह दर्शाया गया हो कि काम से आपकी छुट्टी स्वीकृत हो गई है और आपके लौटने की तिथि भी है
- स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्कूल से छुट्टी का पत्र
- यदि आप अपनी यात्रा से ठीक पहले या बाद में ऑस्ट्रेलिया जाने की योजना बना रहे हैं तो आपके ऑस्ट्रेलिया के वीसा की एक प्रति (यदि लागू हो)
- अन्य अतिरिक्त सबूत जो हमें आपके इरादों का आकलन करने में मदद करेंगे। अधिक जानकारी यहाँ पाई जा सकती है: [www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/preparing-a-visa-application/character-and-identity/bona-fide/evidence-genuine-visitor](www.immigration.govt.nz/new-zealand-visas/preparing-a-visa-application/character-and-identity/bona-fide/evidence-genuine-visitor)



**Evidence of genuine intent**

**Evidence from your employer showing that your leave from work is approved**
An optional upload to confirm your intent to return to work in your home country

BROWSE

**Evidence of your Australian visa – if applicable**
If you plan to travel to Australia immediately before or after your visit to New Zealand, uploading evidence of it here will assist us in processing your application.

BROWSE

**Other evidence of genuine intent**
In addition to the evidence provided above, additional evidence will help with assessing whether you genuinely intend to stay in New Zealand temporarily and will comply with the conditions of your visa.
→ Genuine intentions to visit, study or work in New Zealand

**Do you want to upload other evidence of your genuine intent in support of your application?**
◉ Yes ○ No

**Provide details of the other evidence you wish to upload**

Type


Cover letter
Family declaration
Home country government evidence
Letter from employer - (genuine Intent)
Other country immigration status
Other genuine intent evidence
Personal circumstances

+ ADD ANOTHER DOCUMENT

## धन के सबूत

इस अनुभाग में, कृपया निम्न अपलोड करें:

- आपके नाम पर या अतिरिक्त आवेदकों में से एक के नाम पर बैंक या वित्तीय जानकारी, और इन्हें कम से कम 6 महीने का इतिहास दिखाना होगा। सभी पृष्ठों को मिलाकर एक दस्तावेज़ के रूप में अपलोड करें
- पर्यटन उद्योग साझेदारी सदस्यता के साक्ष्य, यदि लागू हो
- इस आवेदन में शामिल सभी लोगों के लिए प्रीपेड (पहले से भुगतान किए गए) आवास का सबूत
- आपने इस आवेदन में शामिल सभी लोगों के लिए आगे की यात्रा का भुगतान किया है इसका सबूत



Type of statement

For example: bank savings, current account, credit card, term deposit, loan statement, or a combination.

Bank savings

Bank or organisation name

National Bank of Samoa

Bank or organisation branch

Apia

Bank or organisation manager

Fetu Smith

Value of funds reflected by these documents

NZD $3,000 - $4,199

Statements

BROWSE

Evidence of your Tourism Industry Partnership membership

Check the INZ website for evidence where required. Where you are required to provide multiple documents, combine them into one PDF for upload.

BROWSE

Evidence of pre-paid accommodation for all applicants in this application


BROWSE

Evidence you have paid for onward travel for all applicants in this application

BROWSE

## अन्य सबूत

यदि आपके पास अपने आवेदन का समर्थन करने के लिए अन्य सबूत हैं, तो कृपया अपलोड करें।


Other evidence

Do you have any other evidence to support your application that you want to upload?

◉ Yes ○ No

ALERT

You should only add one document per type. If you have multiple pages for the same category, combine them into one PDF.

Enter details of the other evidence you want to upload

Type

Academic transcript
Additional passport
Birth certificate
Cover letter
Driver's licence
Evidence of character
Household registration
IELTS certificate
Medical insurance confirmation
Other document, not listed
Other evidence of English language
Other evidence of identity
Other financial information
Other medical information
Police certificate
Qualification - (Work History)

एक बार जब आप सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर लेते हैं, तो कृपया यह घोषित करने के लिए बॉक्स पर सही का निशान लगाएं कि ये दस्तावेज़ फॉर्म में आपके द्वारा दिए गए बयानों को सही से दर्शाते हैं। आपको यह भी घोषित करना होगा कि आपने उन दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद भी दिया है जो पहले से अंग्रेजी में नहीं हैं। ‘Save and continue’ (सेव एंड कंटिन्यू) पर क्लिक करें।


Declaration

☐ I have checked that the documents I have uploaded accurately represent the statements made in this form


☐ I have provided English language translations for any documents not already in English

WARNING


English language translations must be provided for any documents not already in English. If you do not provide translations for your supporting documents your application may be declined.

Acceptable translation requirements


**चरण 28. कृपया आपके द्वारा प्रदान की गई सभी जानकारी की समीक्षा करें। यदि आपको कुछ बदलने की आवश्यकता है, तो आप पृष्ठ के नीचे 'back' पर क्लिक करके ऐसा कर सकते हैं।**




**चरण 29. एक बार जब आप संतुष्ट हो जाते हैं कि आपने हमें जो जानकारी दी है वह सटीक है, तो आपको एक घोषणा करने की आवश्यकता होगी। कृपया इसे ध्यान से पढ़ें और यदि आप इसे समझते हैं तो बॉक्स में निशान लगाएं। फिर 'ready for submission' पर क्लिक करें। इस बिंदु पर, आपको प्रारंभिक पृष्ठ पर वापस ले जाया जाएगा।**





**चरण 30. यदि अपने आवेदन में आपने अपने साथी (जीवनसाथी) और / या आश्रित बच्चों को शामिल किया है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आपने उनके लिए भी फॉर्म पूरा कर लिया है, जिसमें आपके रिश्ते के सबूत अपलोड करना भी शामिल है। एक बार जब उनकी स्थिति 'ready for submission' दिखाती है, तो आप अंतिम चरण पर जाने के लिए 'pay & submit application' पर क्लिक कर सकते हैं।**





## भुगतान

**चरण 31. अंत में, कृपया सभी आवेदन लागतों की समीक्षा करें। ड्रॉप-डाउन मेनू से, अपनी भुगतान विधि का चयन करें और पृष्ठ के निचले भाग में 'next' पर क्लिक करें।**




**चरण 32. POLi के लिए अपने कार्ड का विवरण या बैंक का विवरण जोड़ने के लिए आपको ऑनलाइन फॉर्म के भुगतान अनुभाग में निर्देशित किया जाएगा। ऐसा हो जाने पर आपको एक पुष्टिकरण संदेश दिखाई देगा।**




**इस वीसा के लिए आवेदन करने के लिए धन्यवाद, और जब हम कोई निर्णय ले लेंगे या हमें आपसे अधिक जानकारी के लिए अनुरोध करना होगा तो हम आपसे संपर्क करेंगे। आपके आवेदन को प्रोसैस (संसाधित) करने में कितना समय लग सकता है, इसकी जानकारी के लिए INZ वेबसाइट पर जाएं।**

[www.immigration.govt.nz/processingtimes](www.immigration.govt.nz/processingtimes)